STUDY NUMBER:

वैकल्पिक बायोप्सी/जीवोतिजांच-

बायोप्सी विशेष रूप से अनुसंधान प्रयोजनों के लिए की जाती है, इससे आपको कोई फायदा नहीं होगा। इससे भविष्य में अन्य लोगों को मदद मिल सकती है। बायोप्सी पे 'हां' हस्ताक्षर करने के बावजूद आप किसी भी समय अपना मन बदल सकते हैं। नीचे दिए गए वाक्य पढ़े और अपने चुनाव के बारे में सोचें। प्रत्येक वाक्य को पढ़ें और जो आपको सही लगे उसे सिर्कल कर दें। इस रिसर्च के हिस्से में भाग लेने का निर्णय बिलकुल वैकल्पिक है, आप जो भी निर्णय लें, यह आपकी स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करेगा।

मैं इस अध्ययन के रिसर्च परीक्षण में ट्यूमर बायोप्सी करवाने के लिए तैयार हूँ।

हां ______ नहीं ______ इस अध्ययन के लिए लागू नहीं ______ हस्ताक्षर __________

वैकल्पिक अध्ययन

भविष्य में रिसर्च के लिए हम कुछ नमूने एवं डेटा रखना चाहेंगे। इन नमूनों एवं डेटा को एक संख्या के आधार पर पहचाना जाएगा, आपके नाम से नहीं। इन नमूनों एवं डेटा का उपयोग केवल रिसर्च उद्देश्यों के लिए किया जाएगा और आपको इससे कोई फायदा नहीं होगा । यह भी संभव है कि संग्रहीत नमूनों एवं डेटा को कभी भी उपयोग में ना लाया जाए। आपके नमूने एवं डेटा पर किए गए रिसर्च के परिणाम आपको या आपके डॉक्टर को उपलब्ध नहीं किए जायेंगे। यह भविष्य में कैंसर और अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों के काम आ सकते हैं।

अगर अभी आप हाँ भी कर देते हैं, तब भी आप किसी भी समय अपना मन बदल सकते हैं। इसके लिए बस आपको हमसे संपर्क करना होगा और बताना होगा कि आप अपने नमूने एवं डेटा को रिसर्च के लिए नहीं इस्तेमाल करना चाहते। इसके बाद आपके नमूनों को नष्ट कर दिया जाएगा और आपका डेटा भविष्य के अनुसंधान के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

नीचे दिए गए वाक्य पढ़े और अपने चुनाव के बारे में सोचें। प्रत्येक वाक्य को पढ़ें और जो आपको सही लगे उसे सिर्कल कर दें। इस रिसर्च के हिस्से में भाग लेने का निर्णय बिलकुल वैकल्पिक है, आप जो भी निर्णय लें, यह आपकी स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करेगा।

१. मेरा डेटा एवं नमूने कैंसर के इलाज, उसे रोकने एवं अध्ययन के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

हां ______ नहीं ______ हस्ताक्षर __________

२. मेरा डेटा एवं नमूने अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज, उन्हें रोकने एवं अध्ययन के लिए (उदाहरण के लिए मधुमेह, अल्जाइमर रोग, या दिल की बीमारी) इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

हां ______ नहीं ______ हस्ताक्षर __________

३. रिसर्च जो इस सहमति पत्र में शामिल नहीं है, उसके लिए मेरा नमूना या डेटा इस्तेमाल करने की अनुमति पाने के लिए भविष्य में मुझसे संपर्क किया जा सकता है।

हां ______ नहीं ______ हस्ताक्षर __________